पत्रिका

CG Crime: सावधान! ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बेच रहे नकली फोन, पुलिस ने बड़े दुकानों में मारा छापा

CG Crime: पुलिस के साथ अधिकारियों ने छापा मारा। पहले पूजा मोबाइल में जांच की गई। दुकान के संचालक पूनाराम चौधरी से पूछताछ की गई।

CG Crime: गोलबाजार इलाके में ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली मोबाइल सामान बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। इस दौरान बड़ी संख्या में नकली सामान बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक रविभवन स्थित पूजा मोबाइल, वाहेगुरू डिजिटल वर्ल्ड, कवर वर्ल्ड गोबाइल दुकान में एप्पल के नाम से मोबाइल के नकली सामान बेचे जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर कंपनी के मुंबई ऑफिस जांच अधिकारी रायपुर पहुंचे। गोलबाजार थाने में चारों दुकानदारों की शिकायत की गई।

Source: https://www.patrika.com/raipur-news/cg-crime-fake-phones-sold-name-of-branded-company-18739047